1 पूर्णिमा के दिन लगने वाले किस मेले में दीपदान की परंपरा को पौराणिक और अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) खाटू श्यामजी मेला

(B) पुष्कर मेला

(C) डिग्गी कल्याणजी मेला

(D) बणेश्वर मेला

(E) अनुत्तरित प्रश्न

2 राजस्थान में चौमासा, पपइयो, बदली और मोर गीतों की पहचान निम्नलिखित में से किस महीने के साथ की जाती है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) चैत्र मास (B) फाल्गुन माह

(C) सावन माह (D) कार्तिक माह

(E) अनुत्तरित प्रश्न

3 तोरावाटी, राजावाटी और नागरचोल निम्नलिखित में से किस भाषा की उपबोलियाँ हैं?

(A) मेवाड़ी (B) ढूंढाड़ी

(C) मेवाती (D) हाड़ौती

(E) अनुत्तरित प्रश्न

4 राजस्थान भारत के कितने राज्यों के साथ अपनी सीमा साझा करता है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) 5 (B) 3

(C) 7 (D) 8

(E) अनुत्तरित प्रश्न

1 In which full moon day fair the tradition of Deepdan is considered puranic and very important? (Choose the most appropriate option from below)

(A) Khatu Shyamji Fair

(B) Pushkar Fair

(C) Diggi Kalyanji Fair

(D) Baneshwar Fair

(E) Question not attempted

2 In Rajasthan Choumasa, Papaiyo, Badli and Mor songs are identified with which of the following months? (Choose the most appropriate option from below)

(A) Chaitra Month (B) Falgun Month

(C) Sawan Month (D) Kartik Month

(E) Question not attempted

3 Torawati, Rajawati and Nagarchola are sub dialects of which of the following language?

(A) Mewari (B) Dhundari

(C) Mewati (D) Hadoti

(E) Question not attempted

4 Rajasthan shares its boundary with how many states of India? (Choose the most appropriate option from below)

(A) 5 (B) 3

(C) 7 (D) 8

(E) Question not attempted

5 उन फसलों की पहचान करें जिनका 2025 में राजस्थान एक प्रमुख उत्पादक था?

a. बाजरा b. गेहूँ

c. सरसों d. कपास

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a, c और d (B) a और d

(C) a, b और c (D) a और c

(E) अनुत्तरित प्रश्न

6 'बाबा का भागड़ा' नामक एक द्वीप ________ में स्थित है। (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) राजसमंद झील (B) पुष्कर झील

(C) जयसमंद झील (D) नक्की झील

(E) अनुत्तरित प्रश्न

7 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान की जनसंख्या में निम्नलिखित में से किस धर्म के लोग सबसे अधिक हैं? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) ईसाई (B) सिख

(C) बौद्ध धर्म (D) जैन

(E) अनुत्तरित प्रश्न

8 राजस्थान में खेजड़ी का पेड़ मुख्य रूप से ________ का एक हिस्सा है। (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) उष्णकटिबंधीय शुष्क पर्णपाती वन

(B) उपोष्णकटिबंधीय पर्वतीय वन

(C) उष्णकटिबंधीय कांटेदार वन

(D) उष्णकटिबंधीय वर्षावन

(E) अनुत्तरित प्रश्न

5 Identify the crops in which Rajasthan was a leading producer in 2025?

a. Bajra b. Wheat

c. Mustard d. Cotton

Choose the most appropriate answer from the options given below:

(A) a, c and d (B) a and d

(C) a, b and c (D) a and c

(E) Question not attempted

6 An island called 'Baba Ka Bhagra' is located in ________. (Choose the most appropriate option from below)

(A) Rajsamand Lake

(B) Pushkar Lake

(C) Jaisamand Lake

(D) Nakki Lake

(E) Question not attempted

7 Which of the following religions has highest share in population of Rajasthan, according to Census 2011? (Choose the most appropriate option from below)

(A) Christian (B) Sikh

(C) Buddhist (D) Jain

(E) Question not attempted

8 Khejri tree in Rajasthan is primarily a part of ________. (Choose the most appropriate option from below)

(A) Tropical Dry Deciduous Forest

(B) Subtropical Montane Forest

(C) Tropical Thorn Forest

(D) Tropical Rainforest

(E) Question not attempted

9 राजस्थान में जनसंख्या वृद्धि दर के आधार पर निम्नलिखित दशकों को बढ़ते क्रम में व्यवस्थित कीजिए।

a. 1991 b. 1971

c. 1981 d. 2011

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) d, b, c, a (B) c, b, a, d

(C) d, b, a, c (D) c, b, d, a

(E) अनुत्तरित प्रश्न

10 गागरोन किला ________ में स्थित है। (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) झालावाड़ ज़िला (B) जयपुर ज़िला

(C) चित्तौड़गढ़ ज़िला (D) करौली ज़िला

(E) अनुत्तरित प्रश्न

11 इनमें से किस ज़िले में 2011 की जनगणना अनुसार, जनसंख्या में दशक-दर-दशक बदलाव (2001-2011) का प्रतिशत सबसे अधिक है?

(A) बीकानेर (B) बाड़मेर

(C) जयपुर (D) जोधपुर

(E) अनुत्तरित प्रश्न

12 20वीं पशुधन गणना के अनुसार राजस्थान में भारत की सबसे अधिक ________ की आबादी है। (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) बकरी (B) भेड़

(C) मुर्गी (D) सुअर

(E) अनुत्तरित प्रश्न

9 Arrange the following decades in ascending order of their population growth rate in Rajasthan.

a. 1991 b. 1971

c. 1981 d. 2011

Choose the most appropriate answer from the options given below:

(A) d, b, c, a (B) c, b, a, d

(C) d, b, a, c (D) c, b, d, a

(E) Question not attempted

10 Gagron Fort is situated in ________. (Choose the most appropriate option from below)

(A) Jhalawar District

(B) Jaipur District

(C) Chittorgarh District

(D) Karauli District

(E) Question not attempted

11 Which of the following district has highest percentage of decadal change (2001-2011) in population according to Census 2011?

(A) Bikaner (B) Barmer

(C) Jaipur (D) Jodhpur

(E) Question not attempted

12 As per 20th Livestock Census, Rajasthan has the highest population of ________ in India. (Choose the most appropriate option from below)

(A) Goats (B) Sheep

(C) Poultry (D) Pig

(E) Question not attempted

13 निम्नलिखित में से कौन-सी प्रक्रियाएँ ऊष्माक्षेपी हैं?

a. बिना बुझे चूने की पानी के साथ अभिक्रिया

b. एक सान्द्र अम्ल का तनुकरण

c. जल का वाष्पीकरण

d. कपूर (क्रिस्टल) का ऊर्ध्वपातन

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a और b (B) b और c

(C) a और d (D) c और d

(E) अनुत्तरित प्रश्न

14 जब एक परखनली में अम्ल के विलयन को क्षार के विलयन के साथ मिलाया जाता है, तो क्या होता है?

a. विलयन का तापमान बढ़ जाता है।

b. विलयन का तापमान कम हो जाता है।

c. विलयन का तापमान अपरिवर्तित रहता है।

d. लवण का निर्माण होता है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) b और d (B) a और c

(C) b और c (D) a और d

(E) अनुत्तरित प्रश्न

15 एक विद्युत-अपघटनी सेल के घटक होते हैं:

a. धनावेशित कैथोड b. ऋणावेशित एनोड

c. धनावेशित एनोड d. ऋणावेशित कैथोड

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a और b (B) c और d

(C) a और c (D) b और d

(E) अनुत्तरित प्रश्न

13 Which of the following are exothermic processes?

a. Reaction of water with quick lime

b. Dilution of a concentrated acid

c. Evaporation of water

d. Sublimation of camphor (crystals)

Choose the most appropriate answer from the options given below:

(A) a and b (B) b and c

(C) a and d (D) c and d

(E) Question not attempted

14 What happens when a solution of an acid is mixed with a solution of a base in a test tube?

a. The temperature of the solution increases.

b. The temperature of the solution decreases.

c. The temperature of the solution remains the same.

d. Salt formation takes place.

Choose the most appropriate answer from the options given below:

(A) b and d (B) a and c

(C) b and c (D) a and d

(E) Question not attempted

15 An electrolytic cell consists of:

a. Positively charged cathode

b. Negatively charged anode

c. Positively charged anode

d. Negatively charged cathode

Choose the most appropriate answer from the options given below:

(A) a and b (B) c and d

(C) a and c (D) b and d

(E) Question not attempted

16 खनिज अम्ल कार्बोक्सिलिक अम्लों की तुलना में प्रबलतर अम्ल होते हैं क्योंकि:

a. खनिज अम्ल पूर्णतः आयनित होते हैं।

b. कार्बोक्सिलिक अम्ल पूर्णतः आयनित होते हैं।

c. खनिज अम्ल आंशिक रूप से आयनित होते हैं।

d. कार्बोक्जिलिक अम्ल आंशिक रूप से आयनित होते हैं।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a और d (B) b और c

(C) a और b (D) c और d

(E) अनुत्तरित प्रश्न

17 निम्नलिखित में से कौन-सी किसी तत्व के समस्थानिकों की विशेषताएँ हैं?

a. किसी तत्व के समस्थानिकों के परमाणु द्रव्यमान समान होते हैं।

b. किसी तत्व के समस्थानिकों की परमाणु संख्याएँ समान होती हैं।

c. किसी तत्व के समस्थानिक समान भौतिक गुण दिखाते हैं।

d. किसी तत्व के समस्थानिक समान रासायनिक गुण दिखाते हैं।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a, c और d (B) b, c और d

(C) b और d (D) b और c

(E) अनुत्तरित प्रश्न

18 मानव श्वसन तंत्र में गैसों का आदान-प्रदान होता है: (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) श्वासनली और स्वरयंत्र में

(B) फेफड़ों की वायु-कोष्ठिका में

(C) वायु-कोष्ठिका और कंठ (गला) में

(D) कंठ (गला) और स्वरयंत्र में

(E) अनुत्तरित प्रश्न

16 Mineral acids are stronger acids than carboxylic acids because:

a. Mineral acids are completely ionised.

b. Carboxylic acids are completely ionised.

c. Mineral acids are partially ionised.

d. Carboxylic acids are partially ionised.

Choose the most appropriate answer from the options given below:

(A) a and d (B) b and c

(C) a and b (D) c and d

(E) Question not attempted

17 Which of the following are the characteristics of isotopes of an element?

a. Isotopes of an element have same atomic masses.

b. Isotopes of an element have same atomic numbers.

c. Isotopes of an element show same physical properties.

d. Isotopes of an element show same chemical properties.

Choose the most appropriate answer from the options given below:

(A) a, c and d (B) b, c and d

(C) b and d (D) b and c

(E) Question not attempted

18 In the human respiratory system, exchange of gases takes place in: (Choose the most appropriate option from below)

(A) Trachea and larynx

(B) Alveoli of lungs

(C) Alveoli and throat

(D) Throat and larynx

(E) Question not attempted

19 निम्नलिखित में से कौन सा पादपों के विकास से संबंधित नहीं है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) ऑक्सिन (B) जिबेरेलिन्स

(C) साइटोकाइनिन (D) एब्सिसिक एसिड

(E) अनुत्तरित प्रश्न

20 एकलिंगी पुष्पों के लिए निम्नलिखित में से कौन-से कथन सत्य हैं?

a. इनमें पुंकेसर और स्त्रीकेसर दोनों होते हैं।

b. इनमें या तो पुंकेसर होता है या स्त्रीकेसर।

c. इनमें पर-परागण होता है।

d. एकलिंगी पुष्पों में केवल पुंकेसर होते हैं और वे फल नहीं बना सकते।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a और d (B) b, c और d

(C) c और d (D) a, c और d

(E) अनुत्तरित प्रश्न

21 प्राकृतिक चयन द्वारा जातियों के विकास का सिद्धांत दिया गया था: (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) मेंडेल द्वारा (B) डार्विन द्वारा

(C) मॉर्गन द्वारा (D) लैमार्क द्वारा

(E) अनुत्तरित प्रश्न

22 तारों का टिमटिमाना निम्न में से कौन-सी वायुमंडलीय घटना के कारण होता है?

सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें।

(A) जल की बूँदों द्वारा प्रकाश का प्रकीर्णन

(B) भिन्न अपवर्तनांकों वाली विभिन्न परतों द्वारा प्रकाश का अपवर्तन

(C) धूल के कणों द्वारा प्रकाश को प्रकीर्णन

(D) बादलों द्वारा प्रकाश का आंतरिक परावर्तन

(E) अनुत्तरित प्रश्न

19 Which of the following is not associated with the growth of plants? (Choose the most appropriate option from below)

(A) Auxin (B) Gibberellins

(C) Cytokinins (D) Abscisic acid

(E) Question not attempted

20 Which among the following statements are true for unisexual flowers?

a. They possess both stamen and pistil.

b. They possess either stamen or pistil.

c. They exhibit cross-pollination.

d. Unisexual flowers possess only stamens and cannot produce fruits.

Choose the most appropriate answer from the options given below:

(A) a and d (B) b, c and d

(C) c and d (D) a, c and d

(E) Question not attempted

21 The theory of evolution of species by natural selection was given by: (Choose the most appropriate option from below)

(A) Mendel (B) Darwin

(C) Morgan (D) Lamarck

(E) Question not attempted

22 Twinkling of stars is due to which of the following atmospheric phenomena?

Select the most appropriate option.

(A) Dispersion of light by water droplets.

(B) Refraction of light by different layers of varying refractive indices.

(C) Scattering of light by dust particles.

(D) Internal reflection of light by clouds.

(E) Question not attempted

23 नीचे दिए गए प्रश्न में वह विकल्प ज्ञात कीजिए जो प्रश्न-चिह्न का स्थान लेगा।

BEGK : ADFJ :: PSVY : ?

निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें:

(A) ROUX

(B) ORUX

(C) LQUT

(D) LOQT

(E) अनुत्तरित प्रश्न

24 नीचे दिए गए शब्दों को एक अर्थपूर्ण अनुक्रम में व्यवस्थित करें।

1. परिवार  2. समुदाय

3. सदस्य  4. स्थानीयता

5. देश

निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें:

(A) 3, 1, 2, 4, 5

(B) 3, 1, 2, 5, 4

(C) 3, 1, 4, 2, 5

(D) 3, 1, 4, 5, 2

(E) अनुत्तरित प्रश्न

25 सही विकल्प चुनें जो प्रश्न-चिह्न का स्थान ले सकेगा।




निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें:

(A) 49

(B) 33

(C) 27

(D) 44

(E) अनुत्तरित प्रश्न

23 In the following question find out the alternative which will replace the question mark.

BEGK : ADFJ :: PSVY : ?

Choose the most appropriate option from below:

(A) ROUX

(B) ORUX

(C) LQUT

(D) LOQT

(E) Question not attempted

24 Arrange the words given below in a meaningful sequence.

1. Family  2. Community

3. Member  4. Locality

5. Country

Choose the most appropriate option from below:

(A) 3, 1, 2, 4, 5

(B) 3, 1, 2, 5, 4

(C) 3, 1, 4, 2, 5

(D) 3, 1, 4, 5, 2

(E) Question not attempted

25 Find the correct alternative which will replace the question mark?




Choose the most appropriate option from below:

(A) 49

(B) 33

(C) 27

(D) 44

(E) Question not attempted

**26** एक घन को पेंट किया जाना है जिसकी भुजा 15 cm है। घन का पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

(A) 1250 $cm^2$

(B) 1354 $cm^2$

(C) 1350 $cm^2$

(D) 1150 $cm^2$

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**27** दी गई आकृति में वर्गों की संख्या की गणना करें।



(A) 32 (B) 31

(C) 30 (D) 28

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**28** आप एक तय समय-सीमा वाली परियोजना पर काम कर रहे हैं। परियोजना समीक्षा बैठक के दौरान, आपको पता चलता है कि टीम के सदस्यों के बीच सहयोग की कमी के कारण परियोजना में देरी हो सकती है। ऐसे में सबसे सही कदम क्या होगा? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) टीम के सदस्यों को उनके असहयोग के लिए चेतावनी दें।

(B) सहयोग की कमी के कारणों की पहचान करें।

(C) टीम के सदस्यों को बदलने का अनुरोध करें।

(D) कारणों का हवाला देते हुए समय बढ़ाने की मांग करें।

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**26** A cube is to be painted whose side is 15 cm. Find the surface area of the cube.

(A) 1250 $cm^2$

(B) 1354 $cm^2$

(C) 1350 $cm^2$

(D) 1150 $cm^2$

(E) Question not attempted

**27** Count the number of squares in the given figure.



(A) 32 (B) 31

(C) 30 (D) 28

(E) Question not attempted

**28** You are handling a time-bound project. During a project review meeting, you realize that the project is likely to be delayed because of a lack of cooperation among team members. What would be the most appropriate course of action? (Choose the most appropriate option from below)

(A) Warn the team members for their non-cooperation.

(B) Identify the reasons for the lack of cooperation.

(C) Request the replacement of the team members.

(D) Seek an extension of time by citing the reasons.

(E) Question not attempted

**29** यदि $a$ और $b$ दो ऐसे धनात्मक पूर्णांक हैं कि $a^b \cdot b^a = 800$ है, तो $a^2 + b^2$ का मान ज्ञात कीजिए:

(A) 20 (B) 29

(C) 34 (D) 41

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**30** निम्नलिखित में से कौन सी संख्या अपरिमेय है?

(A) $\sqrt{0.09}$ (B) 22/7

(C) 0.1416 (D) 0.1010010001...

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**31** $\dfrac{(2.3)^3 - 0.027}{(2.3)^2 + 0.69 + 0.09} = ?$

(A) 2 (B) 2.3

(C) 2.6 (D) 2.27

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**32** भिन्नों $\frac{2}{3}, \frac{8}{9}, \frac{16}{81}$ और $\frac{10}{27}$ का म. स. है:

(A) $\frac{2}{81}$ (B) $\frac{80}{3}$

(C) $\frac{16}{3}$ (D) $\frac{2}{3}$

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**33** यदि त्रिभुज ABC और DEF समरूप हैं और AB = 4 cm, DE = 6 cm, EF = 9 cm और FD = 12 cm है, तो त्रिभुज ABC का परिमाप है:

(A) 18 cm (B) 20 cm

(C) 21 cm (D) 22 cm

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**34** दो बिंदुओं A(2, 4) और B(–2, –4) को जोड़ने वाले रेखाखंड का मध्य-बिंदु है:

(A) (–2, 4) (B) (2, –4)

(C) (0, 0) (D) (–2, –4)

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**29** If $a$ and $b$ are two positive integers such that $a^b \cdot b^a = 800$, find the value of $a^2 + b^2$ :

(A) 20 (B) 29

(C) 34 (D) 41

(E) Question not attempted

**30** Which of the following numbers is irrational?

(A) $\sqrt{0.09}$ (B) 22/7

(C) 0.1416 (D) 0.1010010001...

(E) Question not attempted

**31** $\dfrac{(2.3)^3 - 0.027}{(2.3)^2 + 0.69 + 0.09} = ?$

(A) 2 (B) 2.3

(C) 2.6 (D) 2.27

(E) Question not attempted

**32** H.C.F. of the fractions $\frac{2}{3}, \frac{8}{9}, \frac{16}{81}$ and $\frac{10}{27}$ is:

(A) $\frac{2}{81}$ (B) $\frac{80}{3}$

(C) $\frac{16}{3}$ (D) $\frac{2}{3}$

(E) Question not attempted

**33** If triangles ABC and DEF are similar and AB = 4 cm, DE = 6 cm, EF = 9 cm and FD = 12 cm, the perimeter of triangle ABC is:

(A) 18 cm (B) 20 cm

(C) 21 cm (D) 22 cm

(E) Question not attempted

**34** The midpoint of a line segment joining two points A(2, 4) and B(–2, –4) is:

(A) (–2, 4) (B) (2, –4)

(C) (0, 0) (D) (–2, –4)

(E) Question not attempted

35 दो कंपनियों A और B के मासिक व्यय क्रमशः ₹ 90 लाख और ₹ 95 लाख हैं।

निम्नलिखित पाई चार्ट विभिन्न अनुभागों के मासिक व्यय को दर्शाता है:

कंपनी – A




कंपनी – B




कंपनी B, कंपनी A की तुलना में कर्मचारियों पर कितना ज़्यादा खर्च करती है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) ₹ 2,60,000 (B) ₹ 2,70,000

(C) ₹ 3,60,000 (D) ₹ 3,70,000

(E) अनुत्तरित प्रश्न

36 एक पासे को दो बार फेंकने पर योग 9 मिलने की प्रायिकता क्या है?

(A) 1/6 (B) 1/8

(C) 1/9 (D) 1/12

(E) अनुत्तरित प्रश्न

35 The monthly expenditure of two companies A and B are ₹ 90 lakhs and ₹ 95 lakhs, respectively.

The following piechart show their monthly expenses for various sections:

Company – A




Company – B




How much more company B spends on employees than company A?

(Choose the most appropriate option from below)

(A) ₹ 2,60,000 (B) ₹ 2,70,000

(C) ₹ 3,60,000 (D) ₹ 3,70,000

(E) Question not attempted

36 What is the probability of getting a sum 9 from two throws of a dice?

(A) 1/6 (B) 1/8

(C) 1/9 (D) 1/12

(E) Question not attempted

37 प्राचीन गणेश्वर संस्कृति खुदाई स्थलों में पाए गए औजारों में उपयोग की जाने वाली किस धातु के प्रमुख उपयोग के लिए प्रसिद्ध है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) लोहा (B) चाँदी

(C) सेलखड़ी (D) ताँबा

(E) अनुत्तरित प्रश्न

38 1488 ईस्वी में बीकानेर की स्थापना किसने की थी?

(A) राव लूणकरण

(B) राव जैतसी

(C) राव बीका

(D) राव राय सिंह

(E) अनुत्तरित प्रश्न

39 बाड़ी (धौलपुर) की लड़ाई में मिली विजय ने उत्तर भारत के शक्तिशाली राजा के तौर पर राणा सांगा की प्रतिष्ठा और बढ़ा दी उन्होंने दिल्ली के किस शासक के विरुद्ध लड़ाई लड़ी थी? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) अलाउद्दीन खिलजी (B) महमूद खिलजी द्वितीय

(C) अकबर (D) इब्राहिम लोदी

(E) अनुत्तरित प्रश्न

40 राजस्थान के किस हिस्से ने 1857 की क्रांति की शुरुआत के लिए बिगुल बजाया था? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) नीमच (B) एरिनपुरा

(C) नसीराबाद (D) आउवा

(E) अनुत्तरित प्रश्न

37 The ancient Ganeshwar culture is famous for the prominent use of which metal used in the tools found in the excavation sites? (Choose the most appropriate option from below)

(A) Iron (B) Silver

(C) Steatite (D) Copper

(E) Question not attempted

38 Who was the founder of Bikaner in 1488 A.D.?

(A) Rao Lunakarna

(B) Rao Jaitsi

(C) Rao Bika

(D) Rao Rai Singh

(E) Question not attempted

39 The victory at the Battle of Badi (Dholpur) enhanced Rana Sanga's status as the powerful king of North India. He fought against which Delhi ruler? (Choose the most appropriate option from below)

(A) Alauddin Khilji

(B) Mahmud Khilji II

(C) Akbar

(D) Ibrahim Lodi

(E) Question not attempted

40 Which part of Rajasthan sounded the bugle for the start of the 1857 Revolution?(Choose the most appropriate option from below)

(A) Neemuch (B) Erinpura

(C) Nasirabad (D) Auwa

(E) Question not attempted

41 एकीकरण की प्रक्रिया के दौरान मत्स्य संघ का विलय ग्रेटर राजस्थान में किस वर्ष किया गया था? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) 1948 में
(B) 1956 में
(C) 1949 में
(D) 1952 में
(E) अनुत्तरित प्रश्न

42 उस साहसी महिला का नाम बताइए जिसका अनूठा बलिदान जोधपुर रियासत के राष्ट्रीय गीत, धूंसा में गाया जाता है। सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें।

(A) पन्ना धाय
(B) अल्लाह जिलाई बाई
(C) गोरां धाय
(D) गवरी देवी
(E) अनुत्तरित प्रश्न

43 उस लोकप्रिय देवता की पहचान करें जिनके पदचिह्न गाँवों में 'थान' नामक एक पवित्र स्थान पर स्थापित हैं जो एक पेड़ के नीचे एक ऊँचा चबूतरा होता है। (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) पाबूजी
(B) गोगाजी
(C) तेजाजी
(D) रामदेवजी
(E) अनुत्तरित प्रश्न

44 राजस्थान की मंदिर स्थापत्य कला का विकास सातवीं शताब्दी ईस्वी से पहले हुआ था। ऐसे ही एक मंदिर के अल्प अवशेषों की पहचान किसके रूप में की गई है? सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें।

(A) नीलकंठेश्वर मंदिर, किकिंध
(B) वैष्णव मंदिर, नगरी (चित्तौड़गढ़)
(C) जगदीशजी मंदिर, उदयपुर
(D) समिधेश्वर मंदिर, चित्तौड़ किला
(E) अनुत्तरित प्रश्न

41 In which year was Matasya Sangh merged with Greater Rajasthan during the process of integration? (Choose the most appropriate option from below)

(A) 1948
(B) 1956
(C) 1949
(D) 1952
(E) Question not attempted

42 Name the courageous woman whose unique sacrifice is sung in the national song of Jodhpur state, Dhusan.

Select the most appropriate option.

(A) Panna Dhai
(B) Allah Jilai Bai
(C) Gaura Dhai
(D) Gavari Devi
(E) Question not attempted

43 Identify the popular deity whose footprints are installed in villages in a sacred place called 'Than' which is a high platform under a tree. (Choose the most appropriate option from below)

(A) Pabuji
(B) Gogaji
(C) Tejaji
(D) Ramdevji
(E) Question not attempted

44 Rajasthan's temple architecture evolved before the seventh century A.D. Scanty remains of one such temple are identified as that of -

Select the most appropriate option.

(A) Nilkantheshwar Temple, Kikindh
(B) Vaishnava Temple, Nagari (Chittorgarh)
(C) Jagdhishji Temple, Udaipur
(D) Samidheshwar Temple, Chittor Fort
(E) Question not attempted

45 किस नीति/वर्ष के तहत पूरे राजस्थान में 'महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र' की स्थापना की गई थी?

(A) राज्य सरकार की नीति, 2011

(B) उच्चतम न्यायालय आदेश, 2018

(C) राजस्थान उच्च न्यायालय आदेश, 2023

(D) केंद्रीय गृह मंत्रालय सलाहकार, 2024

(E) अनुत्तरित प्रश्न

45 'Mahila Suraksha Evam Salah Kendra' was established across Rajasthan under which policy/year?

(A) State Government Policy, 2011

(B) Supreme Court Order, 2018

(C) Rajasthan High Court Order, 2023

(D) Central MHA Advisory, 2024

(E) Question not attempted

46 भुवनेश्वर में 24वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशीप में शॉट पुट में स्वर्ण पदक निम्न में से किसने जीता?

(A) अवनी लेखरा

(B) सुंदर सिंह गुर्जर

(C) खुशबू गिल

(D) कृष्णा नागर

(E) अनुत्तरित प्रश्न

46 Who from following won the Gold Medal in shot put at 24th National Para Athletics Championship in Bhubaneswar?

(A) Avani Lekhara

(B) Sunder Singh Gurjar

(C) Khushboo Gill

(D) Krishna Nagar

(E) Question not attempted

47 VB-G RAM G अधिनियम ने MGNREGA की जगह कब ली?

(A) 2023

(B) 2024

(C) 2025

(D) 2026

(E) अनुत्तरित प्रश्न

47 When did VB-G RAM G Act replace MGNREGA?

(A) 2023

(B) 2024

(C) 2025

(D) 2026

(E) Question not attempted

48 केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अप्रैल 2026 में जयपुर मेट्रो फ़ेज-II प्रॉजेक्ट को मंजूरी दी। प्रस्तावित कॉरिडोर किसको जोड़ेगा?

(A) प्रहलादपुरा से तोड़ी मोड़

(B) मानसरोवर से चांदपोल

(C) अजमेर रोड से बस्सी

(D) सांगानेर से आमेर

(E) अनुत्तरित प्रश्न

48 The Union Cabinet approved the Jaipur Metro Phase-II project in April 2026. The proposed corridor will connect:

(A) Prahladpura to Todi Mod

(B) Mansarovar to Chandpole

(C) Ajmer Road to Bassi

(D) Sanganer to Amer

(E) Question not attempted

49 राजस्थान बजट 2026-27 में, राज्य ने राज-ममता प्रोग्राम की घोषणा की इसके तहत क्या किया जाएगा?

(A) ज़िला मुख्यालयों पर मेन्टल हेल्थ केयर सेल की स्थापना

(B) खेलों में महिलाओं को बढ़ावा

(C) महिला किसानों को सहायता प्रदान करना

(D) प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग प्रदान करना

(E) अनुत्तरित प्रश्न

50 निम्नलिखित में से कौन सा ज़िला मुख्य रूप से आदिवासी है और राजस्थान में एक प्रमुख जनजातीय उप-योजना (टीएसपी) क्षेत्र बनाता है?

(A) बांसवाड़ा

(B) जयपुर

(C) जोधपुर

(D) बीकानेर

(E) अनुत्तरित प्रश्न

51 राजस्थान संगीत नाटक अकादमी द्वारा प्रदत्त सर्वोच्च सम्मान के रूप में इसे जाना जाता है:

(A) कोमल कोठारी सम्मान

(B) अल्लाह जिलाई बाई सम्मान

(C) अकादमी रत्न सम्मान

(D) विजयदान देथा सम्मान

(E) अनुत्तरित प्रश्न

49 In the Rajasthan Budget 2026-27, the state announced Raj-MAMTA programme. What will be done under it?

(A) Establishing Mental Health care cell at District Headquarters

(B) Promote women in sports

(C) Support women farmers

(D) Provide coaching for competitive examinations

(E) Question not attempted

50 Which of the following district is predominantly tribal and forms a major Tribal Sub-Plan (TSP) area in Rajasthan?

(A) Banswara

(B) Jaipur

(C) Jodhpur

(D) Bikaner

(E) Question not attempted

51 The highest honour conferred by the Rajasthan Sangeet Natak Akademi is known as:

(A) Komal Kothari Samman

(B) Allah Jilai Bai Samman

(C) Akademi Ratna Samman

(D) Vijaydan Detha Samman

(E) Question not attempted

**परिच्छेद आधारित प्रश्न : (प्र. क्र. 52 से 56)**

नीचे दी गई जानकारी को पढ़ें और उसके बाद पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें:

i. एक घनाभ के आकार के लकड़ी के गुटके की लंबाई 6 cm, चौड़ाई 4 cm और ऊँचाई 1 cm है।

ii. 4 cm × 1 cm माप वाले दो फलकों को काले रंग से रंगा गया है।

iii. 6 cm × 1 cm माप वाले दो फलकों को लाल रंग से रंगा गया है।

iv. 6 cm × 4 cm माप वाले दो फलकों को हरे रंग से रंगा गया है।

v. गुटके को लंबाई और चौड़ाई के अनुसार 1 cm × 1 cm × 1 cm माप वाले इकाई घनों में बांटा गया है।

**52** ऐसे कितने घन बनेंगे जिनकी कम से कम एक सतह पर लाल, हरा और काला रंग हो?

(A) 16 (B) 12
(C) 8 (D) 4
(E) अनुत्तरित प्रश्न

**53** कितने छोटे घन बनेंगे?

(A) 6 (B) 12
(C) 16 (D) 24
(E) अनुत्तरित प्रश्न

**54** कितने घनों में 4 रंगीन फलक और दो बिना रंग वाले फलक होंगे?

(A) 4 (B) 8
(C) 16 (D) 10
(E) अनुत्तरित प्रश्न

**55** कितने घनों के दो फलकों पर हरा रंग होगा और शेष चार फलक बिना रंग के होंगे?

(A) 12 (B) 10
(C) 8 (D) 4
(E) अनुत्तरित प्रश्न

**56** यदि काले और हरे रंग के घन हटा दिए जाएँ, तो कितने घन शेष रहेंगे?

(A) 0 (B) 8
(C) 12 (D) 16
(E) अनुत्तरित प्रश्न

**Passage based questions : (Q. No. 52 to 56)**

Read the information given below and answer the questions that follow:

i. A cuboid shaped wooden block has 6 cm length, 4 cm breadth and 1 cm height.

ii. Two faces measuring 4 cm × 1 cm are coloured in black.

iii. Two faces measuring 6 cm × 1 cm are coloured in red.

iv. Two faces measuring 6 cm × 4 cm are coloured in green.

v. The block is divided lengthwise and breadthwise into unit cubes of dimension 1 cm × 1 cm × 1cm.

**52** How many cubes having red, green and black colours on at least one side of the cube will be formed ?

(A) 16 (B) 12
(C) 8 (D) 4
(E) Question not attempted

**53** How many small cubes will be formed ?

(A) 6 (B) 12
(C) 16 (D) 24
(E) Question not attempted

**54** How many cubes will have 4 coloured sides and two non-coloured sides ?

(A) 4 (B) 8
(C) 16 (D) 10
(E) Question not attempted

**55** How many cubes will have green colour on two sides and rest of the four sides having no colour?

(A) 12 (B) 10
(C) 8 (D) 4
(E) Question not attempted

**56** How many cubes will remain, if the cubes having black and green colour are removed?

(A) 0 (B) 8
(C) 12 (D) 16
(E) Question not attempted

57 सही विकल्प चुनें।

जंगल : चिड़ियाघर :: समुद्र : __?__

(A) एक्वेरियम

(B) मछली

(C) बंदरगाह

(D) पानी

(E) अनुत्तरित प्रश्न

58 इनमें से कौन-सा अलग है?

(A) लोहा

(B) चाँदी

(C) ताँबा

(D) स्टील

(E) अनुत्तरित प्रश्न

59 प्रश्न-चिह्न का स्थान लेने के लिए सबसे अच्छा विकल्प चुनें।

26 : 5 : : 65 : ?

(निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) 6 (B) 7

(C) 8 (D) 9

(E) अनुत्तरित प्रश्न

60 उस शब्द को ढूंढें जो सादृश्य को सबसे अच्छी तरह से पूरा करता है।

BUCKET : ACTVBDJLDFSU : : BONUS : ?

(निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) ACMNMOTVRT

(B) SUNOB

(C) ACNPMOTVRT

(D) ACMNMOTURT

(E) अनुत्तरित प्रश्न

57 Choose the correct alternative:

Jungle : Zoo :: Sea : __?__

(A) Aquarium

(B) Fish

(C) Harbour

(D) Water

(E) Question not attempted

58 Which of the following is the odd one?

(A) Iron

(B) Silver

(C) Copper

(D) Steel

(E) Question not attempted

59 Choose the best alternative to replace the question mark.

26 : 5 : : 65 : ?

(Choose the most appropriate option from below)

(A) 6 (B) 7

(C) 8 (D) 9

(E) Question not attempted

60 Find the term that best completes the analogy.

BUCKET : ACTVBDJLDFSU : : BONUS : ?

(Choose the most appropriate option from below)

(A) ACMNMOTVRT

(B) SUNOB

(C) ACNPMOTVRT

(D) ACMNMOTURT

(E) Question not attempted

61 अक्षरों का वह समूह चुनें जो दूसरों से अलग हो (विषम को चुनें)। (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) FG (B) XW
(C) ML (D) PO
(E) अनुत्तरित प्रश्न

62 पाँच आकृतियों का समूह दिया गया है। इनमें से चार आकृतियाँ एक निश्चित तरीके से एक दूसरे के समान हैं, और एक भिन्न है। विषम आकृति का पता लगाएँ।




(निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) a (B) b
(C) d (D) e
(E) अनुत्तरित प्रश्न

63 निम्नलिखित शृंखला :
6, 12, 36, 144, 720, ...? को पूरा करें।
